2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (Directorate General of Health Services) -

इसे संक्षिप्त में DGHS भी कहते हैं।

यह निदेशालय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय के लिए स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए मुख्य सलाहकार की भूमिका निभाता है।

इसका मुखिया महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं (Director General, Health services) होता है।

स्वास्थ्य संबंधी योजना निर्माण में उसकी सहायता करने के लिए एक अतिरिक्त महानिदेशक, उप-महानिदेशक की एक टीम तथा कई प्रशासनिक अधिकारी होते हैं।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के कार्य (Functions of Directorate General of Health Services) –

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा किए जाने वाले मुख्य कार्य निम्न हैं-

1. देश के स्वास्थ्य स्तर के आँकलन हेतु विभिन्न सर्वेक्षण करवाना तथा प्राप्त आँकड़ों की व्याख्या करना।

2. देश में प्रभावी स्वास्थ्य शिक्षा एवं संप्रेषण के क्रियान्वयन के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो (Central Health Education Bureau) की शुरूआत 1956 में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत की गई।

3. विभिन्न बीमारियों के कारण, नैदानिक विधियाँ (diagnostic methods) रोकथाम के उपाय, उपचारात्मक पद्धतियाँ आदि के बारे में नवीनतम जानकारियाँ हासिल करने के लिए अनुसंधान (research) को बढ़ावा देना।

4. देश में कार्यरत विभिन्न मेडिकल, नर्सिंग तथा पैरा मेडिकल सेवाओं के स्टैण्डर्ड को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहना।

5. देश में औषधियों की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए मापदण्ड (criteria) निर्धारित करना तथा उन्हें बनाये रखना।

6. सेन्ट्रल मेडिकल लाइब्रेरी (central medical library) के रख-रखाव का कार्य करना।

7. देश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजना निर्माण करना तथा अन्य संबंधित सेक्टरों के साथ सामंजस्य स्थापित करना।

3. केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद (Central Council of Health)

केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद की स्थापना अगस्त 1952 में की गई थी। इसकी स्थापना के पीछे मुख्य उद्देश्य था, केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों के मध्य समन्वय स्थापित कर पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद के कार्य (Functions of Council Health) -

1. स्वास्थ्य संबंधी सभी मुद्दों पर वृहद स्तर पर नीतियों की सिफारिश करना जैसे-

बेहतर रोकथामात्मक, नैदानिक एवं उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाओं का क्रियान्वयन।

पर्यावरणीय स्वच्छता एवं प्रदूषणों की रोकथाम ।

स्वास्थ्य शिक्षा एवं अनुसंधान

उपयुक्त पोषण

टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ आदि का क्रियान्वयन।

2. चिकित्सा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के बारे में कानून बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करना।

3. उपलब्ध अनुदान के उपभोग के पश्चात् विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा करना।

4. उपलब्ध अनुदान के वितरण के संबंध में सिफारिशें प्रस्तुत करना।

5. केंद्रीय स्वास्थ्य प्रशासन तथा राज्य स्वास्थ्य प्रशासन के मध्य सामंजस्य करने के लिए संगठनों की स्थापना करना।

It is also called DGHS in short.

This directorate plays the role of the chief advisor to the Union Ministry of Health and Family Welfare to solve various health related issues.

It is headed by the Director General, Health Services.

To assist him in health planning, there is an Additional Director General, a team of Deputy Director General and many administrative officers.

Functions of Directorate General of Health Services –

The main functions performed by the Directorate General of Health Services are as follows-

1. To conduct various surveys to assess the health level of the country and interpret the data obtained.

2. For the implementation of effective health education and communication in the country, the Central Health Education Bureau was started in 1956 by the Directorate General of Health Services under the Ministry of Health and Family Welfare, Government of India.

3. To promote research to acquire latest information about the causes of various diseases, diagnostic methods, preventive measures, therapeutic methods etc.

4. To keep striving to maintain the standards of various medical, nursing and paramedical services working in the country.

5. To determine and maintain criteria for maintaining the quality of medicines in the country.

6. To maintain the central medical library.

7. To make plans to ensure the availability of better health services in the country and to establish coordination with other related sectors.

3. Central Health Council

The Central Health Council was established in August 1952. The main objective behind its establishment was to ensure effective implementation of health services and health programs across the country by establishing coordination between the Central Government and the State Governments.

Functions of Council Health -

1. To recommend policies on a large scale on all health related issues such as-

Implementation of better preventive, diagnostic and curative health services.

Prevention of environmental cleanliness and pollution.

Health education and research

Appropriate nutrition

Implementation of vaccination, family planning services, maternal

and child health services etc.

2. To prepare proposals for making laws regarding medical and public health matters.

3. To review the progress made in various fields after the use of available grants.

4. To submit recommendations regarding the distribution of available grants.

5. To establish organizations to coordinate between the Central Health Administration and the State Health Administration.

Q. राज्य स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के संगठन एवं कार्यों को समझाइए।

Describe the health services organization and functions at state level.

उत्तर - राज्य स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का संगठनात्मक ढाँचा (Organizational Setup of Health Services at State Level) –

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु, नीति-निर्धारण एवं योजना निर्माण के दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य प्रशासन एवं राज्य स्वास्थ्य प्रशासन के मध्य एक सामंजस्य होता है व केन्द्र सरकार राज्य सरकारों को उनकी आवश्यकतानुसार आर्थिक तथा तकनीकी सहायता भी प्रदान करती है।

राज्य स्वास्थ्य प्रशासन के निम्न मुख्य अंग होते हैं-

To ensure the implementation of better health services, there is coordination between the Central Health Administration and the State Health Administration during policy-making and planning and the Central Government also provides financial and technical assistance to the State Governments as per their requirements.

The State Health Administration has the following main organs-

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राज्य सरकार

(Ministry of Health and Family Welfare, State Government)

2. राज्य स्वास्थ्य सचिवालय (State Health Secretariate)

3. राज्य स्वास्थ्य निदेशालय (State Health Directorate)